24-11-2026_Layout 1 25-11-2026 01:09 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 293 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, बुधवार 25 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

पंजाब की राजनीति में बड़ा बदलाव, बीजेपी-अकाली दल का गठबंधन

अमित शाह बोले-मिलकर लड़ेंगे चुनाव; बड़ा भाई रहेगा शिरोमणि अकाली दल, उसी का होगा सीएम

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब की राजनीति में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल ने आगामी विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गठबंधन की घोषणा करते हुए कहा कि NDA के पुराने साथी अकाली दल की वापसी से गठबंधन परिवार पूरा हो गया है। दोनों पार्टियां पंजाब की सभी 117 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेंगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा और अकाली दल का रिश्ता अटूट रहा है। उन्होंने साफ किया कि अकाली दल गठबंधन में बड़े भाई की भूमिका में रहेगा और बड़े भाई का ही मुख्यमंत्री बनेगा। सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब के युवाओं ने देश की आजादी से लेकर विभिन्न युद्धों तक में बड़ी कुर्बानियां दी हैं। दोनों पार्टियां मिलकर राज्य में विकास, शांति और भाईचारे को मजबूत करने के लिए काम करेंगी।

31 दिसंबर 2029 तक पंजाब से नशा खत्म करने का लक्ष्य

गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में नशे और भ्रष्टाचार को खत्म करना गठबंधन का मुख्य लक्ष्य बताया। उन्होंने ऐलान किया कि 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब से नशे का पूरी तरह खात्मा करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य के किसानों और नौजवानों के हितों को प्राथमिकता दी जाएगी। बेरोजगारी, आर्थिक विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अगले तीन महीनों में एक रोडमैप तैयार किया गया है। आने वाली सरकार इसी रोडमैप के आधार पर काम करेगी। आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि आने वाले समय पंजाब में ह्ष्ट सरकार बनेगी।

करतारपुर कॉरिडोर व बंदी सिखों की रिहाई पर प्रतिक्रिया

अमित शाह ने करतारपुर साहिब कॉरिडोर का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इसे बनाने का काम किया। ऑपरेशन सिंदूर के बाद कॉरिडोर को अस्थायी रूप से बंद किया गया था। समस्या का समाधान होते ही इसे तुरंत खोल दिया जाएगा। मेरी इच्छा है कि हिंदू और सिख दोनों समुदायों के लोग करतारपुर साहिब जाकर माथा टेक सकें। वहीं,



बंदी सिखों की रिहाई के मुद्दे पर अमित शाह ने कहा कि भाजपा और अकाली दल आपस में बातचीत करके इसका कोई समाधान निकालेंगे। गठबंधन के चुनावी घोषणा पत्र में भी कई महत्वपूर्ण ऐलान किए जाएंगे।

सुखबीर बोले- राजनीतिक नहीं, भावनात्मक गठबंधन है

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पवित्र अवसर पर गठबंधन का नया अध्याय शुरू हो रहा है। देशवासियों और संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने कहा कि भाजपा और अकाली दल का गठबंधन केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि भावनात्मक गठबंधन है। अकाली दल और भाजपा का रिश्ता नाखून और मांस जैसा है। जब भी दोनों पार्टियां एक साथ सत्ता में रही हैं, पंजाब में शांति और भाईचारा कायम रहा है। देश की आजादी की लड़ाई से लेकर इमरजेंसी के विरोध तक पार्टी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

प्रकाश बादल और अटल वाजपेयी ने जोड़ा था यह रिश्ता

सुखबीर बादल ने पुराने गठबंधन को याद करते हुए कहा कि उनके पिता और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्रकाश सिंह बादल तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 1996 में दोनों पार्टियों के बीच रिश्ते की नींव रखी थी। यह केवल राजनीतिक समझौता नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच बना रिश्ता था। आज पंजाब की परिस्थितियों को देखते हुए इस रिश्ते को दोबारा मजबूत करने की जरूरत है। अब दोनों पार्टियां एक परिवार की तरह हैं। सुखबीर बादल ने 8 दिसंबर को प्रकाश सिंह बादल की जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी पंजाब आने का न्योता दिया।

कांग्रेस और आप पर साधा निशाना, पंजाब को बर्बाद किया

सुखबीर बादल ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले 5 साल कांग्रेस और 5 साल आम आदमी पार्टी के शासन में पंजाब को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल की टीम पंजाब को लूट रही है और राज्य में विकास नाम की कोई चीज दिखाई नहीं दे रही। पंजाब की जवानी, किसानी, व्यापारियों और मजदूरों को बचाने की जरूरत है। इसके लिए डबल इंजन सरकार जरूरी है। गठबंधन का मुख्य मिशन पंजाब से नशे को खत्म करना और राज्य को दोबारा खुशहाल बनाना है। मिल-बैठकर समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा।

पंजाब के गौरवशाली दौर को पुनः वापस लाने का किया दावा

गठबंधन के ऐलान के दौरान सुखबीर बादल ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में क्की सीटें सिंगल डिजिट में भी नहीं पहुंचेंगी। कहा कि पंजाब की जनता बदलाव चाहती है और गठबंधन राज्य में नई सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगा। सुखबीर बादल ने कहा कि पंजाब के किसानों और सिख कौम से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के साथ उनकी इन विषयों पर बातचीत हुई है। दावा किया अकाली दल और भाजपा मिलकर पंजाब का गौरवशाली दौर वापस लाने का प्रयास करेंगे।





श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार एवं जालंधर कैंट के हलका इंचार्ज दीपक बाली जी ने गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, अर्बन एस्टेट फेज-1, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, अर्बन एस्टेट फेज-2, गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, गुरु नगर, गुरुद्वारा शहीद बाबा जीवन सिंह जी, गुरुद्वारा श्री अर्जन देव जी, गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी और गुरुद्वारा साहिब संत प्रेम सिंह जी में माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त किया।



मेयर वनीत धीर ने दी जालंधर नॉर्थ में विकास कार्यों को रफ्तार

वार्ड-80 में गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन

इंडस्ट्रीयल एरिया और शिव नगर में शुरू हुए निर्माण कार्य, पार्षद अश्विनी अग्रवाल सहित इलाका निवासी रहे मौजूद

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल। जालंधर नॉर्थ से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार एवं मेयर वनीत धीर ने आज वार्ड नंबर-80 के इंडस्ट्रीयल एरिया और शिव नगर में गलियों के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इन विकास कार्यों के शुरू होने से इलाके के निवासियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। इस मौके पर मेयर वनीत धीर ने कहा कि



शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना और लोगों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। गलियों के निर्माण से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और इलाके की आधारभूत संरचना में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जा रहा है। लोगों की जरूरतों और स्थानीय स्तर पर मिलने वाले सुझावों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, ताकि हर वार्ड में समान रूप से सुविधाओं का विस्तार हो सके। इस अवसर पर वार्ड के पार्षद एवं पंजाब अग्रवाल वेलफेयर बोर्ड के चेयरमैन अश्विनी अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में इलाका निवासी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने गलियों के निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जाहिर करते हुए इसका स्वागत किया।

24-11-2026_Layout 1 25-11-2026 01:09 Page 2

पंजाब में SAD-BJP गठबंधन पर सियासी बयानबाजी तेज

2027 पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, परगट सिंह बोले- दोनों को लगेगा बड़ा झटका



जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी के दोबारा साथ आने पर कांग्रेस के पंजाब प्रधान परगट सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने अकाली दल और भाजपा को गठबंधन के लिए शुभकामनाएं तो दीं, लेकिन साथ ही दोनों दलों की राजनीति पर सवाल भी खड़े किए। गठबंधन होने से पंजाब के असली मुद्दे खत्म नहीं हो जाएंगे। अकाली दल और भाजपा के बीच गठबंधन हो गया है, लेकिन पंजाब की समस्याएं आज भी वहीं खड़ी हैं, जहां पहले थीं। किसानों की स्थिति, राज्य के मौजूदा हालात और बादल परिवार की भूमिका पर भी चर्चा होनी चाहिए। अब लोगों को राजनीतिक दलों के दावों और उनके कामकाज के बीच अंतर समझने की जरूरत है। परगट सिंह ने भाजपा पर भी निशाना साधा। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि भाजपा पिछले 13 सालों से सत्ता में है और इस दौरान देश की संस्थाओं को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा पंजाब का भला करने में सक्षम नहीं है। वह ऐसी अतार्किक और दिशाहीन राजनीति को पूरी तरह खारिज करते हैं। जो लोग पंजाब के मौजूदा हालात और किसानों के मुद्दों का समाधान नहीं कर सके, वे अब राज्य के कल्याण की बात कैसे कर सकते हैं?

अकाली दल के साथ भाजपा को भी लगेगा बड़ा झटका

लोकतंत्र में असली निर्णायक शक्ति जनता के हाथों में होती है और इस बार लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। परगट सिंह ने दावा किया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता का रुख केवल अकाली दल के खिलाफ ही नहीं, बल्कि भाजपा के खिलाफ भी रहेगा। दोनों पार्टियों को इस बार चुनाव में बड़ा झटका लग सकता है। अकाली दल और भाजपा का गठबंधन जनता के लिए फायदेमंद होने के बजाय उलटा असर डाल सकता है।

गठबंधन से कांग्रेस को मिल सकता है राजनीतिक फायदा

कांग्रेस प्रदेश प्रधान ने कहा कि उनके विचार में अकाली दल और भाजपा के बीच हुआ यह राजनीतिक घटनाक्रम कांग्रेस के पक्ष में जा सकता है। उन्होंने इसे राहुल गांधी की राजनीतिक सोच के अनुरूप बताते हुए कहा कि इस गठबंधन से कांग्रेस को आगामी चुनाव में फायदा मिलने की संभावना है। पंजाब की जनता इस बार राजनीतिक दलों के पुराने कार्यकाल और उनके कामकाज को ध्यान में रखकर अपना फैसला करेगी।

अमृतसर में सुबह दिल दहला देने वाली घटना आई सामने

सुबह-सुबह गोलियों से दहला अमृतसर का जुझार सिंह एवेन्यू, मां-बेटे समेत 4 लाशें देखकर लोग हैरान

जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। अमृतसर के जुझार सिंह एवेन्यू में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने पहले अपने घर में मौजूद दो पालतू कुत्तों को गोलियां मारकर मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद उसने अपनी मां भूपिंदर कौर को भी गोली मार दी। मां की हत्या करने के बाद आरोपी घर से बाहर निकला और पास की गली के नजदीक खेतों में जाकर खुद को भी गोली मार ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य साक्ष्यों को खंगाला जा रहा है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आरोपी की पहचान 50 वर्षीय हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। हरप्रीत के भाई की पत्नी मीनू ने बताया कि घटना सुबह करीब 9 बजे की है। वह अपनी दो बेटियों के साथ घर में सो रही थीं और कमरे का दरवाजा बंद था। अचानक गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जब वह बाहर निकलीं तो उसे पूरी घटना का पता चला। एक ही परिवार में हुई इस खौफनाक वारदात ने पूरे जुझार सिंह एवेन्यू को झकझोर कर रख दिया है। घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। इस घटना के सामने आने के बाद परिवार और आसपास के लोग सदमे में हैं। मीनू के मुताबिक, जब हरप्रीत अपनी मां को गोली मार रहा था, तब भूपिंदर कौर लगातार उससे रहम की गुहार लगाती रहीं। वह बार-बार कह रही थीं कि मुझे मत मारो, लेकिन आरोपी ने एक नहीं सुनी। हरप्रीत हमेशा अपने पास पिस्टल रखता था। बताया गया है कि हथियार का लाइसेंस उसकी मां के नाम पर था। वह पहले भी पिस्टल लोड करके घर की छत या गली में घूमता था। हरप्रीत के पास लगभग हर समय हथियार मौजूद रहता था।



7 साल पहले इंग्लैंड से भारत आया था हरप्रीत सिंह

बताया जा रहा है कि वह करीब 7 साल पहले इंग्लैंड से भारत लौटा था और नशे का आदी था। उसकी पत्नी भी उससे अलग हो चुकी थी। आरोप है कि हरप्रीत पत्नी के साथ मारपीट करता था, जिससे परेशान होकर वह मायके चली गई थी। बाद में दोनों का तलाक हो गया था। आरोपी हरप्रीत अपनी मां भूपिंदर कौर के साथ घर की ऊपरी मंजिल पर रहता था। उसका अक्सर छोटी-छोटी बातों पर मां के साथ विवाद होता था। घटना के बाद पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग अपने कब्जे में ले ली है, ताकि वारदात से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा सके।

श्री राम कथामृत (द्वितीय दिवस): प्रभु श्री राम जन्म के उल्लास में झूमे श्रद्धालु

विश्व विख्यात साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने बढ़ते 'स्क्रीन टाइम के दुष्प्रभावों पर किया आगाह

जालंधर सिटी लाइव

जालंधरः दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान (DJJS) द्वारा अभावग्रस्त व गरीब बच्चों की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को समर्पित सामाजिक प्रकल्प 'मंथन' के सहयोगार्थ साई दास स्कूल ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय भव्य 'श्री राम कथामृत' के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। 22 से 28 नवंबर तक प्रतिदिन सायं 6:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चलने वाली इस पावन कथा में संस्थान के संस्थापक एवं संचालक श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या, विश्व विख्यात कथा व्यास साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने श्री राम जन्म प्रसंग, बे ते स्क्रीन समय से बच्चों व युवाओं को हो रहे नुकसान तथा ब्रह्मज्ञान के माध्यम से मानव मन के परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से



प्रकाश डाला। कथा के द्वितीय दिवस पर जैसे ही प्रभु श्री राम के प्राकट्य (जन्म) का प्रसंग आया, पूरा पंडाल भए प्रगट कृपाला दीनदयाला की मधुर चौपाइयों और जयकारों से गूंज उठा। साध्वी बहनों द्वारा प्रस्तुत सुमधुर भजनों पर श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे।

श्री राम जन्म का आध्यात्मिक रहस्य- साध्वी सुश्री श्रेया भारती जी ने श्री राम जन्म के गूढ़ अर्थ को



समझाते हुए कहा कि प्रभु का अवतरण केवल त्रेतायुग की एक ऐतिहासिक घटना नहीं है। जब मानव के अंतःकरण में पूर्ण गुरु द्वारा ईश्वरीय प्रकाश प्रकट किया जाता है तब अज्ञान रूपी अंधकार का नाश होता है, तभी भीतर श्री राम का वास्तविक प्राकट्य होता है।

बढ़ता 'स्क्रीन टाइम' बच्चों और युवाओं के लिए गंभीर खतराः वर्तमान डिजिटल युग पर चिंता व्यक्त करते हुए साध्वी जी ने कहा कि आज मोबाइल, सोशल मीडिया और अत्यधिक 'स्क्रीन टाइम' बच्चों और युवाओं की एकाग्रता, मानसिक स्वास्थ्य, संवेदनशीलता और पारिवारिक संवाद को बुरी तरह नुकसान पहुंचा रहा है। आभासी दुनिया (Virtual World) में उलझकर युवा वास्तविक जीवन के लक्ष्यों से भटक रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को संस्कारों और आध्यात्मिकता से जोड़ने का आह्वान किया।

ब्रह्मज्ञान से ही होगा मानव मन का स्थायी परिवर्तनः साध्वी जी ने स्पष्ट किया कि केवल बाहरी उपदेशों या नियमों से समाज में स्थायी सुधार संभव नहीं है। जब तक मनुष्य के मन की दिशा नहीं बदलती, तब तक बाहरी परिवर्तन अधूरे हैं। पूर्ण गुरु की कृपा से प्राप्त %ब्रह्मज्ञान% (ईश्वर के प्रत्यक्ष दर्शन) की शाश्वत पद्धति ही मानव मन को विकारों से मुक्त कर उसमें सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन ला सकती है।

मंथन प्रकल्प के माध्यम से राष्ट्र निर्माणः उन्होंने पुनः दोहराया कि मंथन प्रकल्प के तहत वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षित कर उन्हें केवल किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक संस्कार भी दिए जा रहे हैं, ताकि वे एक स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माता बन सकें।

पूजन एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थितिः द्वितीय दिवस की कथा का शुभारंभ विधिवत पूजन एवं पावन ज्योति प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें मुख्य यजमान गौतम कुकरेजा एवं सोनू कुकरेजा, गौरव कुकरेजा एवं प्रीति कुकरेजा एवं दैनिक यजमानों डा. प्रवीण बेरी एवं डा. सीमा बेरी (बेरी अस्पताल) परिवार लछमण दास एंड संस ने सपरिवार पूजन कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया।

28 छक्के... 7 चौके और 204 रन! वैभव की पारी ने UAE को किया पस्त

- वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में तहलका मचाया

जालंधर सिटी लाइव

भारतीय क्रिकेट के उभरते सितारे वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। महज 15 साल की उम्र में वैभव ने मंगलवार को ऐसी ऐतिहासिक पारी खेली, जिसने 50 ओवर के क्रिकेट में नए विश्व रिकॉर्ड कायम कर दिए। उन्होंने सिर्फ 28 गेंदों में शतक और 52 गेंदों में दोहरा शतक पूरा कर इतिहास रच दिया। वैभव ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों पर 204 रन बनाए। इस पारी में 28 छक्के और 7 चौके लगाए।



आक्रामक बल्लेबाजी के सामने श्रीलंका के गेंदबाज बेबस नजर आए। वैभव सूर्यवंशी ने अपनी पारी की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया। उन्होंने मैदान के चारों ओर बड़े शॉट लगाए और महज 28 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया। इसके बाद भी उनका बल्ला नहीं रुका और उन्होंने सिर्फ 52 गेंदों में 200 रन का आंकड़ा छू लिया। इस पारी के साथ वैभव ने 50 ओवर के क्रिकेट में सबसे तेज शतक और दोहरा शतक लगाने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया।

पंजाब के यात्रियों के लिए जरूरी खबर

सरकारी बसों की हड़ताल!

- आगामी तीन दिनों तक प्रदेश भर में सरकारी बसों का परिचालन प्रभावित रहने की आशंका

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब में सरकारी बस सेवाओं का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए जरूरी खबर है। राज्य में 25, 26 और 27 नवंबर को तीन दिवसीय बस हड़ताल का ऐलान किया गया है। पीआरटीसी (PRTC) और पनबस (Punbus) के कच्चे कर्मचारियों के इस फैसले से आगामी तीन दिनों तक प्रदेश भर में सरकारी बसों का परिचालन प्रभावित रहने की आशंका है, जिससे आम यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। हाल ही में हुई बैठक के दौरान कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति बनी थी और मुद्दों के समाधान की बात सामने आई थी। हालांकि, ठेका आधारित कच्चे कर्मचारियों की मांगों पर बनी सहमति को जमीनी स्तर पर पूरी तरह लागू नहीं किया गया। पीआरटीसी और पनबस के कर्मचारियों ने 25 से 27 नवंबर तक तीन दिन की हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।



मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा संघर्ष

पंजाब के प्रदेश महासचिव शमशेर सिंह ढिल्लों ने कहा कि सभी कर्मचारी 'पीआरटीसी ठेका कर्मचारी मोर्चा' के बैनर तले पूरी तरह एकजुट हैं और अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे। कर्मचारी यूनियन ने दो टूक शब्दों में स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी लंबित मांगों का ठोस और उचित समाधान नहीं किया जाता, तब तक उनका यह आंदोलन जारी रहेगा।

कैंटर एवं कार की टक्कर में कार में सवार महिला व बच्ची की हुई मौत

फिरोजपुर। थाना मक्खू की पुलिस ने बीते दिन बिजली घर मक्खू के नजदीक कार एवं कैंटर के बीच हुई टक्कर में कार में सवार महिला व बच्ची को मौत होने के मामलें में कार्रवाई करते हुए मृतका के पति के बयान पर कैंटर चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी देते हुए थाना मक्खू के एएसआई राम सिंह ने बताया कि पुलिस को दिए बयान में शिकायतकर्ता हनुक मसीह पुत्र शिंदा मसीह वासी वंजोके ने बताया कि वह बीते दिन जब अपनी कार नंबर पीबी-46ए-2665 पर सवार होकर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था तो बिजली घर मक्खू के नजदीक कैंटर नंबर पीबी-13एएफ-5161 के ड्राइर कर्म सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह वासी मेहरबानपुर जंडियाला गुरु ने उसे टक्कर मार दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त घटना में उसकी पत्नी 28 वर्ष और बेटी 3 वर्ष की मौके पर ही मौ हो गई और कैंटर चालक कैंटर छोड र फरार हो गया।

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर कौशांबी स्कूल बस के साथ हुआ हादसा

- सभी बच्चे पिकनिक मनाकर आगरा से वापस कौशांबी लौट रहे थे

जालंधर सिटी लाइव

यूपी के कन्नौज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे पर स्कूल बस को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में 4 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि 25 घायल हैं। टक्कर के बाद स्कूल बस का पिछला हिस्सा चकनाचूर हो गया। सीटें उखड़ गईं। बच्चे सीटों के बीच में फंस गए थे। पुलिस ने राहगीरों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया और बच्चों को बस से बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया। बच्चे पिकनिक मनाकर आगरा से वापस कौशांबी लौट रहे थे। वहीं इस मामले पर कन्नौज के एसपी विनोद कुमार ने बताया- बस कौशांबी के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल की है। रात 12 बजे आगरा से रवाना हुई थी। मंगलवार सुबह 6 बजे बच्चों को टॉयलेट कराने के लिए बस एक्सप्रेस-वे पर खड़ी थी। तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जानकारी के मुताबिक स्कूल बस में 50 बच्चों समेत 60 लोग मौजूद थे। जिन 4 बच्चों की मौत हुई है, उनमें कौशांबी के आर्यन चौरसिया (14), रजीउल्लाह (16), फतेहपुर के जैद मिर्जा (17) और अरमान (17) हैं। अरमान और आर्यन 8वीं जबकि रजीउल्लाह और मो. जैद 10वीं के छात्र थे। स्कूल प्रबंधक सलमान और एक अन्य बच्चे की हालत नाजुक है, जिन्हें कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया है।



श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर गोल्डन टेंपल में रौनक

श्री हरमंदिर साहिब में सुबह से बड़ी संख्या में माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालु, रात को भी रखा गया खास आयोजन!

- भव्य दीपमाला और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा गोल्डन टेंपल परिसर

जालंधर सिटी लाइव

अमृतसर। अमृतसर में श्री गुरु नानक देव जी के 557वें प्रकाश पर्व को लेकर गोल्डन टेंपल में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु माथा टेकने के लिए श्री हरमंदिर साहिब पहुंचे। प्रकाश पर्व के अवसर पर रात को गोल्डन टेंपल परिसर में भव्य दीपमाला और आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा परिसर दीपों और रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा। इससे पहले प्रकाश पर्व की सुबह से ही संगत में खास उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवर में



स्नान किया और लंबी कतारों में लगकर गुरु घर में माथा टेका। इस दौरान संगत ने गुरबाणी कीर्तन का श्रवण किया और सरबत के भले की अरदास की। श्रद्धालु वाहेगुरु का जाप करते भी नजर आए। संगत ने एक-दूसरे को प्रकाश पर्व की बधाई भी दी। श्री गुरु नानक देव जी ने पूरी मानवता को नाम जपो, किरत करो और वंड छको का संदेश दिया है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत किया जा सकता है। वहीं, प्रकाश पर्व को लेकर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (SGPC) की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। गुरु घर में माथा टेकने पहुंचे श्रद्धालुओं ने SGPC के इंतजामों की सराहना की।

रात को दीपमाला और आतिशबाजी

आज शाम रहरास साहिब के पाठ के बाद गोल्डन टेंपल परिसर में देसी घी के दीये और मोमबत्तियां जलाकर भव्य दीपमाला की गई। रात को आर्कषक आतिशबाजी की गई। इसके साथ ही सचखंड श्री हरमंदिर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय जी में ऐतिहासिक जलो साहिब सजाए गए। संगत इन जलों में सुशोभित पुराने और बेशकीमती आभूषणों तथा शस्त्रों के दर्शन करेगी।

पंजाब और चंडीगढ़ में धीरे-धीरे बढ़ने लगा ठंड का असर

अगले 4 दिनों तक बढ़ेगी ठिठुरन! 28 नवंबर तक 2-3 डिग्री गिरेगा पारा, रातें होंगी और ठंडी

दिन के समय आसमान साफ रहने और धूप खिलने का अनुमान है

- पंजाब में पठानकोट सबसे ठंडा, जहां न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब और चंडीगढ़ में ठंड का असर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार, अभी पंजाब में पाला पड़ने की संभावना नहीं है। इसके लिए तापमान का करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचना जरूरी होता है। पंजाब-चंडीगढ़ में मंगलवार को दोनों जगह मौसम शुष्क रहेगा। बारिश की कोई संभावना नहीं है। दिन के समय आसमान साफ रहने और धूप खिलने का अनुमान है। वहीं, रात के न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। पंजाब में पठानकोट सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य के करीब है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 4 दिनों तक मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आएगी। 28 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक कमी आ सकती है। इससे सुबह और रात के समय ठंड बढ़ेगी, जबकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिलेगी। वहीं, चंडीगढ़ के लिए 24 से 28 नवंबर तक जारी पूर्वानुमान में भी कोई मौसम चेतावनी नहीं दी गई है।



घने कोहरे को लेकर राहत का अलर्ट

पंजाब और चंडीगढ़ में फिलहाल घने कोहरे को लेकर कोई नया अलर्ट जारी नहीं किया गया है। दोनों जगह घने कोहरे की चेतावनी नहीं है। वही कश्मीर में ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा है। सोमवार को घाटी के छह शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा माइनस 3.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, श्रीनगर में न्यूनतम तापमान माइनस 0.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

24-11-2026_Layout 1 25-11-2026 01:09 Page 3

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन की राह में बड़ी चुनौती

- यूपी में सपा-कांग्रेस के बीच सीटों पर खींचतान, 26 सीटों के ऑफर पर कांग्रेस ने जताई नाराजगी
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ सीटों के बंटवारे पर सहमति नहीं बन रही
- सपा केवल 26 सीटें देने के पक्ष में हैं, जबकि कांग्रेस की 125 सीटों की मांग है
- 26 सीटों के प्रस्ताव को गठबंधन की भावना के अनुरूप नहीं बताया जा रहा है
- हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों के बीच मतभेद अभी बरकरार हैं



जालंधर सिटी लाइव

उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बातचीत जारी है, लेकिन सीटों के बंटवारे पर दोनों दलों के बीच सहमति बनती नजर नहीं आ रही। सपा प्रमुख अखिलेश यादव कांग्रेस को 403 विधानसभा सीटों में से केवल 26 सीटें देने के पक्ष में हैं, जबकि कांग्रेस की ओर से 125 सीटों की मांग रखी जा रही है। सीटों को लेकर यह अंतर गठबंधन की राह में बड़ी चुनौती बनता दिखाई दे रहा है। सीटों के बंटवारे को लेकर मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी के आवास पर सपा और कांग्रेस के नेताओं की अहम बैठक हुई। दोपहर 12:15 बजे शुरू हुई यह बैठक करीब 3 घंटे 15 मिनट तक चली। इसमें दोनों दलों के नेताओं ने संभावित सीटों और गठबंधन की शर्तों पर चर्चा की। बैठक से पहले सपा महासचिव रामगोपाल यादव ने कहा कि कांग्रेस को उन सीटों के बारे में बता दिया गया है, जहां पार्टी अपने उम्मीदवार उतार सकती है। सपा सांसद राजीव राय ने भी कहा कि 26 सीटों पर बातचीत की जाएगी और कांग्रेस को सीटों की सूची सौंप दी गई है। समाजवादी पार्टी के इस प्रस्ताव पर कांग्रेस की ओर से असंतोष सामने आया। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने साफ कहा कि पार्टी किसी से सीटों की भीख नहीं मांग रही। 26 सीटों के प्रस्ताव को गठबंधन की भावना के अनुरूप नहीं बताया। कांग्रेस अब पहले जैसी स्थिति में नहीं है और पार्टी की राजनीतिक ताकत में बदलाव आया है। कांग्रेस 2022 वाली पार्टी नहीं रह गई और गठबंधन में उसकी मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

अखिलेश यादव ने दिया तालमेल का संकेत

सीटों के बंटवारे पर जारी खींचतान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव का रुख कुछ नरम दिखाई दिया। लखनऊ में उन्होंने कहा कि गठबंधन का मुख्य उद्देश्य चुनाव जीतना है। इसके लिए समाजवादी पार्टी अपने सहयोगी दलों के लिए सीटें छोड़ने और आपसी तालमेल बनाने को तैयार है। दोनों दलों का साझा लक्ष्य जीत हासिल करना है। उनके इस बयान को कांग्रेस के साथ बातचीत आगे बढ़ाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

दो दिन में गठबंधन पर लग सकती है मुहर

दिल्ली में हुई बैठक के बाद सपा महासचिव रामगोपाल यादव और यूपी कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम ने गठबंधन को लेकर सकारात्मक संकेत दिए। दोनों नेताओं ने कहा कि अगले दो दिनों में गठबंधन पर अंतिम फैसला हो सकता है। हालांकि, सीटों की संख्या को लेकर दोनों दलों के बीच मतभेद बरकरार हैं। आने वाले दो दिन यह तय करने के लिहाज से अहम होंगे कि सपा और कांग्रेस सीटों के बंटवारे पर सहमति बना पाते हैं या नहीं।

दिलजीत दोसांझ

के बेंगलुरु कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

ईमेल में बच्चों और मेट्रो को लेकर भी चेतावनी



मुंबई । पंजाबी सिंगर और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को लेकर एक बार फिर बड़ा मामला सामने आया है। उनके बेंगलुरु में होने वाले शो से पहले पुलिस को बम धमाके की धमकी वाला ईमेल मिला है। ईमेल में कॉन्सर्ट पर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) से हमला करने की चेतावनी दी गई है। इतना ही नहीं, ईमेल भेजने वाले ने शो में बच्चों को साथ न लाने, आईफोन पर कॉल का जवाब न देने और मेट्रो से सफर करने से बचने जैसी बातें भी लिखी हैं। धमकी मिलने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। जानकारी के मुताबिक, यह धमकी भरा ईमेल धारवाड़ के पुलिस कमिश्नर को भेजा गया है। इसमें 29 नवंबर को बेंगलुरु के मादावरा स्थित एनआईसीई रोड ग्राउंड में होने वाले दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को निशाना बनाने की बात लिखी गई है। ईमेल में खालिस्तान जिंदाबाद का नारा भी इस्तेमाल किया गया है। ईमेल भेजने वाले ने शो के दौरान आईईडी धमाके की चेतावनी दी है। इसके अलावा, ईमेल में लोगों को कई तरह की चेतावनियां भी दी गई हैं। इसमें अभिभावकों से बच्चों को शो में नहीं लाने, आईफोन पर आने वाली कॉल का जवाब नहीं देने और मेट्रो से यात्रा करने से बचने को कहा गया है। ईमेल में 'खालिस्तान जिंदाबाद' का नारा भी लिखा गया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को धमकी मिलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले अक्टूबर में मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े के कार्यालय को एक धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें मेयर कार्यालय, अमिताभ बच्चन के घर और दिलजीत के 27 नवंबर को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में होने वाले कॉन्सर्ट को निशाना बनाने की बात कही गई थी। इसके बाद नवंबर में इंदौर में होने वाले उनके कॉन्सर्ट से पहले भी कई धमकी भरे ईमेल सामने आए थे। 2 नवंबर को इंदौर के तीन निजी स्कूलों और मेयर पुष्यमित्र भार्गव के कार्यालय को ईमेल भेजकर धमाके की चेतावनी दी गई थी। 10 नवंबर को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच को भी दिलजीत के इंदौर कॉन्सर्ट से जुड़ा धमकी भरा ईमेल मिला था। इसके बाद पुलिस ने संबंधित जगहों पर सुरक्षा बढ़ाई और ईमेल भेजने वाले की पहचान के लिए जांच शुरू की। बता दें कि दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपने 'ऑरा इंडिया टूर 2026' को लेकर चर्चा में हैं। बुकमायशो पर उपलब्ध कार्यक्रम की जानकारी के मुताबिक, उनका बेंगलुरु कॉन्सर्ट 29 नवंबर को एनआईसीई ग्राउंड्स में शाम 4 बजे शुरू होगा। इस शो के लिए टिकटों की बिक्री भी जारी है।

पंजाब हॉकी लीगः राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने लगातार चौथी जीत दर्ज कर अंक तालिका में शीर्ष स्थान बरकरार रखा



जालंधर सिटी लाइव

मोहाली। पंजाब हॉकी लीग सीजन-3 के छठे दिन राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने लगातार चौथे मैच में जीत दर्ज की, जबकि ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी जीत हासिल की। प्रतियोगिता के मुकाबले यहां ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले जा रहे हैं। राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज, सैफई को एकतरफा मुकाबले में 8-3 से हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। मेजबान टीम की ओर से अनुराग ने 12वें मिनट में गोल कर खाता खोला। इसके बाद सचिन ने 19वें और जरमन सिंह ने 21वें मिनट में गोल दागकर राउंडग्लास को 3-0 की बढ़त दिला दी। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज ने शानदार वापसी करते हुए अमन राजभर (22वें मिनट) और हिमांशु यादव (24वें मिनट) के लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर गोल की मदद से अंतर कम किया। हालांकि, पहले हाफ के अंतिम क्षणों में 29वें मिनट में गुरविंदर सिंह ने गोल कर राउंडग्लास की बढ़त 4-2 कर दी। दूसरे हाफ में गुरविंदर सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 39वें और 49वें मिनट में दो और गोल दागे तथा अपनी हैट्रिक पूरी की। सैफई की टीम के लिए जैद खान मोहम्मद ने 57वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन इसके बाद सचिन (58वें मिनट) और वरिंदर सिंह (59वें मिनट) ने मैदानी गोल कर राउंडग्लास की 8-3 से जीत सुनिश्चित कर दी। दिन के अंतिम मुकाबले में ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर ने नेवल टाटा हॉकी अकादमी, जमशेदपुर को 3-1 से हराया। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद भुवनेश्वर की टीम ने 22वें मिनट में बिलकन ओराम के पेनल्टी कॉर्नर गोल की मदद से 1-0 की बढ़त हासिल की। हाफ टाइम तक यही स्कोर रहा।









24-11-2026_Layout 1 25-11-2026 01:09 Page 4

पंजाब की सुरक्षा पर बड़ा खतरा!

पाकिस्तान से आ रहे एके-47, एम-16 और रॉकेट लॉन्चर, गैंगस्टरों के नेटवर्क ने बढ़ाई चिंता

जालंधर सिटी लाइव

चंडीगढ़। **पंजाब में** विधानसभा चुनावों से पहले राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। सीमा पार से हथियारों की तस्करी, पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टरों के नेटवर्क और स्थानीय युवाओं को आपराधिक गतिविधियों में शामिल करने की कोशिशों ने सुरक्षा एजेंसियों की चुनौती बढ़ा दी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों में सीमा पार से एके-47, एम-16 राइफल, ग्लॉक पिस्तौल और रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड जैसे घातक हथियार भारत पहुंचाए जाने के मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इस साल पंजाब में छह पुलिसकर्मियों की गोली मारकर हत्या की गई है। सुरक्षा एजेंसियों की चिंता का एक बड़ा कारण पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टरों और उनके स्थानीय नेटवर्क के बीच संपर्क है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को लालच देकर आपराधिक गतिविधियों में शामिल करने की कोशिशें की जा रही हैं। रिपोर्ट में पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी और कथित आतंकी नेटवर्क का भी उल्लेख किया गया है। एजेंसियां हथियारों की सप्लाई, स्थानीय शूटरों की भर्ती और आपराधिक गिरोहों के बीच संबंधों की जांच कर रही हैं।

श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर अकाली दल-भाजपा गठबंधन की चढ़दी कला और पंजाब की खुशहाली के लिए सुखमिंदर सिंह राजपाल ने की अरदास

- शीतल अंगुराल सहित अकाली दल और भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता हुए शामिल

जालंधर सिटी लाइव



जालंधरः श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, बस्ती दानिशमंदा, बड़ा बाजार, जालंधर में गुरमत समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता सुखमिंदर सिंह राजपाल ने गुरु साहिब के चरणों में अरदास की कि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन चढ़दी कला में रहे तथा पंजाब में आपसी भाईचारा, प्रेम और एकता कायम रहे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व विधायक शीतल अंगुराल सहित दोनों पार्टियों के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सुखमिंदर सिंह राजपाल ने अरदास की कि पंजाब से नशे का खात्मा हो, बेरोजगारी दूर हो, युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें और पंजाब विकास एवं खुशहाली की नई बुलंदियों को छुए। उन्होंने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं हमें आपसी प्रेम, भाईचारे और मानवता की सेवा का संदेश देती हैं। उन्होंने गुरु साहिब से प्रार्थना की कि सभी पर अपनी मेहर बनाए रखें और पंजाब को फिर से खुशहाल बनाएं।







